रेल मंत्रालय में उप मंत्री (श्री महावीर प्रसाद) (क) और (ख) 115–116 गोरखपुर-बम्बई बी.टी. एक्स-प्रेस तथा 933/934 लखनऊ बम्बई वी. टी. के रसोईयान के ठेके पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने के बाद दिये गये हैं। 115/116 के लिए ठेका यथोचित सत्यापन करने के पश्चात् वास्तविक कामगारों की सहकारी समिति को दिया गया है सहकारी समिति के तीन सदस्य अनुसूचित जाति से सम्बन्धित हैं। कुछ मामलों में रसोई-यान-वार तथा अन्य मामलों में गाड़ीवार ठेके आबंटित करने के लिए रेलों पर कोई प्रतिबन्ध नहीं है।

(ग) जी हां।

(घ) जी नहीं।

(ङ) जी नहीं।

पूर्वोत्तर क्षेत्र में नदियों पर पुलों का निर्माण

2350. सरदार जगजीत सिंह अरोड़ा :

श्री राम जेठमलानी :

क्या जल-भूतल परिवहन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि देश के पूर्वोत्तर भाग में कुछ नदियों पर पुल बनाये जाने की कुछ परियोजनाएं सरकार के विचाराधीन हैं;

(ख) यदि हां, तो उनके नाम क्या हैं और निर्माण कार्य कब तक आरम्भ हो जाने और पूरा कर लिये जाने की संभावना है;

(ग) इन परियोजनाओं पर कुल कितना व्यय होने की संभावना है; और

(घ) इस प्रयोजन के लिए सरकार किस प्रकार धन जुटाने का विचार रखती है?

जल-भूतल परिवहन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री राजेश पायलट) : (क) जी, हां।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय राजमार्गों पर पुलों के नाम और स्थान अनुपत्र में दिए गए हैं। [देखिए परिशिष्ट 149, अनुपत्र संख्या–132 और 133] इन पुलों का बनना शुरू होने और समापन की संभावित तिथि तथा संभावित खर्च के बारे में अभी बता पाना संभव नहीं है।

(घ) वार्षिक योजना परिव्ययों से।

Discussion on Vedic Mathematics by Rashtriya Ved Vidya Pratishthan

2351. SHRI PRAMOD MAHAJAN:
SHRI SHANKER SINH VAGHELA:

Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) whether a Round Table Discussion on Vedic Mathematics was held recently in Delhi under the auspices of Rashtriya Ved Vidya Pratishthan;

(b) what have been the findings in the said discussion about the use of 'Elementary Vedic Mathematics Methods' in the Arithmatical exercises in lower classes, desirability of research projects on the applicability of Vedic Mathematics in higher mathematics and development of 'pattern recognizing and the resulting Intutive Thinking' in children while learning Vedic Mathematics methods;

(c) what were the recommendations of the Pratishthan in this regard;

(d) the expected time-schedule for taking action therein; and

(e) what is the response of N.C.E.R.T. thereto?

THE MINISTER OF STATE IN THE DEPARTMENT OF EDUCATION AND CULTURE IN THE MINISTRY OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI L. P. SHAHI): (a) Yes, Sir.